भोपाल से प्रकाशित और छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश व राजस्थान से प्रसारित

RNI No. MPHIN/2016/67534

RNI No.MPHIN/2016/67534
दैनिक रुद्रांश दर्पण
समाचार-पत्र
को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिले एवं तहसील में ब्यूरों एवं एजेंसी नियुक्त करना है। पत्रकारिता के अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें
प्रधान संपादक अंतरिक्ष पवार
सम्पर्क 8770227143 8109227153

दैनिक

# रुद्रांश दर्पण

संपादक : अंतरिक्ष पवार

**सुविचार**

जिंदगी साइकिल चलाने
के जैसा है,
बैलेंस बनाए रखने के लिए
आपको चलते रहना होता है !

वर्ष-7, अंक-149 | शुक्रवार ,01, दिसंबर, 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-2 रु.

## COP 28 में शामिल होने दुबई पहुंचे PM मोदी:

# आज वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट को संबोधित करेंगे; क्लाइमेट फाइनेंस पर होगी चर्चा





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार (30 नवंबर) रात दुबई, संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे. दुबई में भारतीय प्रवासियों ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया. इस दौरान लोगों ने मोदी-मोदी और अबकी बार मोदी सरकार के नारे भी लगाए.

समाचार एजेंसी एएनआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें प्रवासी लोगों को 'मोदी, मोदी', 'अबकी बार मोदी सरकार' और 'वंदे मातरम' जैसे नारे लगाते हुए सुना जा सकता है. इसके अलावा एक अन्य वीडियो में पीएम मोदी को इन लोगों से हाथ मिलाते और बातचीत करते देखा जा सकता है.

### 'दुनिया को पीएम मोदी जैसे नेता की जरूरत'

प्रवासी भारतीयों में से एक ने पीएम मोदी से मुलाकात पर खुशी जताई और कहा, "मैं 20 साल से यूएई में रह रहा हूं, लेकिन आज ऐसा लगा जैसे मेरा कोई अपना इस देश में आया हो...जो पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन करता है, वह भारत का हीरा है." एक अन्य सदस्य ने कहा, "हम पीएम मोदी को यहां देखकर बहुत खुश हैं. दुनिया को पीएम मोदी जैसे नेता की जरूरत है."

### पीएम मोदी ने भी जताया आभार

इस बीच, पीएम मोदी ने भी दुबई में भारतीय समुदाय से मुलाकात के बाद खुशी जताई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा, ह्लदुबई में भारतीय समुदाय के गर्मजोशी से स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हूं. उनका समर्थन और उत्साह हमारी जीवंत संस्कृति और मजबूत संबंधों का प्रमाण है."

पीएम मोदी शुक्रवार को उडढ28 के हाई लेवल सेगमेंट - विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे और उसे संबोधित भी करेंगे. इसके अलावा वो तीन अन्य हाई लेवल साइड इवेंट में भी हिस्सा लेंगे.

### बैठक का एजेंडा- कार्बन एमिशन कम करना

उडढ28 क्लाइमेट समिट 12 दिसंबर तक चलेगी। इसमें ढट मोदी के अलावा किंग चार्ल्स, ऋषि सुनक, कमल हैरिस समेत दुनियाभर के 167 नेता क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) और इसके समाधान के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। पिछले कुछ सालों में क्लाइमेट चेंज पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। इस बैठक का फोकस फॉसिल फ्यूल और कार्बन एमिशन (उत्सर्जन) पर लगाम लगाना है।



### तीसरी बार क्लाइमेट समिट का हिस्सा बने PM मोदी

ढट मोदी तीसरी बार जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले ढट मोदी ने 2021 में ग्लासगो में हुए उडढ26 सम्मेलन में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए पंचामृत नीति और मिशन लाइफस्टाइल फॉर एन्वायर्नमेंट (छ्रऋए) की घोषणा की थी। ढट मोदी 2015 में पेरिस में हुई उड-ढ21 में भी शामिल हुए थे। इस दौरान 190 से ज्यादा देशों ने पेरिस समझौते पर सहमति जताई थी। इस समझौते के तहत बढ़ते ग्लोबल टेम्प्रेचर को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की बात हुई थी। इसका मकसद ग्लोबल वॉर्मिंग कम करना था। अब उडढ28 में तय किया जाएगा कि किस देश को कितना मुआवजा औ? किस आधार पर मिलेगा। कौन-कौन से देश मुआवजा देंगे, इसका फैसला भी होगा।

# 3 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

**रुद्रांश दर्पण-चित्तौड़गढ़**



सुरक्षा व्यवस्था की रहेगी पुख्ता व्यवस्था, मतगणना स्थल में पास धारी ही कर सकेंगे प्रवेश

विधानसभा आम चुनाव के तहत 3 दिसंबर को शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 8 बजे मतगणना प्रारंभ होगी। यहां जिले की पांचो विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने आज मतगणना की आवश्यकता तैयारी, मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रवेश को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल में प्रवेश एवं सुरक्षा आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ने मतगणना तिथि 3 दिसंबर को यातायात व्यवस्था एवं मतगणना स्थल के आसपास के प्रतिबंधित क्षेत्र की जानकारी दी।

बैठक में मतगणना स्थल पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना स्टाफ एवं मतगणना अभिकताओं के प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार, मतगणना कार्मिकों को यात्रा भत्ता के ऑनलाइन भुगतान तथा मीडिया कार्मिकों के लिए स्थापित मीडिया सेंटर पर चुनाव के ताजा परिणाम के प्रदर्शन एवं जानकारी उपलब्ध कराने आदि पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक गोयल, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी धायगुडे स्नेहल नाना, नगर परिषद आयुक्त रविन्द्र सिंह यादव, नगर विकास प्रन्यास सचिव हिम्मत सिंह बारहठ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

**रुद्रांश दर्पण-सवाई माधोपुर**

### स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था को देखा, मतगणना कक्षों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ओला एवं जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला ने गुरूवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर सवाई माधोपुर में मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कक्षों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना स्थल पर स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष, आईटी टीम कक्ष, विधानसभावार स्ट्रॉन्ग रूम, विधानसभावार मतगणना कक्षों और सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए।

इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव 2023 की मतगणना व्यवस्थाओं को लेकर नियुक्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी प्रभारी अधिकारी मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मतगणना के लिए सभी आवश्यक सामग्रियों एवं साधनों की उपलब्धता निर्धारित समय से पूर्व कर ली जाए। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर मतगणना संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कक्षों में काउंटिंग टेबल व्यवस्था, काउंटिंग टीम व काउंटिंग एजेंट्स की एंट्री व्यवस्था, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग व्यवस्था, परामर्श व सुविधा केन्द्र, लाईट, पेयजल, माईक, संचार, चिकित्सा, विधानसभावार कम्प्यूटराइजेशन के लिए कम्प्यूटर व्यवस्था, वाहन पार्किंग व्यवस्था, मीडिया कक्ष स्थापित करने संबंधी आवश्यक निर्देश संबंधित प्रभारी अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी जीतेन्द्र सिंह नरूका, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरलीधर प्रतिहार, रिटर्निंग अधिकारी सवाई माधोपुर अनिल चौधरी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी खण्डार उपेन्द्र शर्मा, अधीक्षण अभियनता सार्वजनिक निर्माण विभाग रूपनारायण बैरवा, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक पंकज मीना, तहसीलदार निर्वाचन चन्द्रशेखर सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# 3 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में होगी मतगणना, जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में जारी किए निर्देश

**रुद्रांश दर्पण-बीकानेर**



विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए मतगणना 3 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार समस्त व्यवस्थाएं की गई है।

राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के भूतल पर बीकानेर पश्चिम ,बीकानेर पूर्व विधानसभा के लिए तथा कोलायत, लूणकरणसर , डूंगरगढ़, खाजूवाला तथा नोखा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना महाविद्यालय के प्रथम तल पर संपादित करवाई जाएगी। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु दो-दो मतगणना हॉल बनाए गए हैं जिनमें रिटर्निंग अधिकारी तथा सहायक रिटर्निग अधिकारी की उपस्थिति में मतगणना करवाई जाएगी। ईटीपीबीएस तथा पोस्टल बैलट की गणना रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में की जाएगी। इसके लिए तीन टेबल लगाई गई है। जबकि ईवीएम मतगणना के लिए 11 -11 टेबल लगाई गई है।

भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि डाक मत पत्र प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी द्वारा 3 दिसंबर को प्रातः 8 बजे तक समस्त डाक मत पत्रों को विधानसभा वार अलग-अलग कर रिटर्निंग अधिकारियों को भिजवा दिये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### स्थापित किया जाएगा मीडिया सेंटर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर एक मीडिया सेंटर भी स्थापित किया गया है जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों को डाटा कम्युनिकेशन नेटवर्क इत्यादि की सुविधा दी जाएगी । यह कक्ष भूतल पर रहेगा। मतगणना हॉल में किसी भी प्रकार का स्टैटिक कैमरा, स्टिल और वीडियो अनुमत नहीं होगा।

### होगी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि मतगणना स्थल के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किसी भी गणना एजेंट को समुचित पहचान पत्र के बिना प्रथम कोर्डन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया जाएगा साथ ही मेडिकल टीम भी एंबुलेंस के साथ उपलब्ध रहेगी। फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था की गई है।

### यह रहेगी मतगणना व्यवस्था

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना दिवस को प्रातः 7 बजे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी या उनके नियुक्त प्रतिनिधि के समक्ष पर्यवेक्षक की उपस्थिति में ईवीएम संग्रहण कक्ष खोले जाएंगे, जिनकी समुचित वीडियोग्राफी होगी।

### मोबाइल- सेलुलर फोन पर रहेगा प्रतिबंध

मतगणना स्थल पर सुरक्षा के प्रथम घेरे के अंदर मोबाइल फोन, सेलुलर फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस सेट इत्यादि अनुमत नहीं होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि मतगणना में पारदर्शिता के मापदंडों को अपनाते हुए गणना पर्यवेक्षक व गणना सहायक को वास्तविक गणना हेतु टेबलों का आवंटन रेंडम आधार पर करते हुए गणना के दिन ड्यूटी पर रिपोर्ट करते समय बताया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना हॉल में उपस्थित रहने वाले कार्मिकों उम्मीदवारों या निर्वाचन एजेंट के फोटो परिचय पत्र बनाए जाएंगे । मतगणना हॉल में इन्हें पहनना अनिवार्य होगा।

# मतगणना हेतु कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित

**रुद्रांश दर्पण-पाली**



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्री नमित मेहता के सानिध्य में गुरुवार को जिला परिषद सभागार में विधानसभा आम चुनाव 2023 की मतगणना के लिए रिटर्निंग अधिकारी के मतगणना स्टाफ एवम मतगणना से सम्बंधित कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण नोडल प्रभारी श्री उदयभानु चारण ने बताया

इस प्रशिक्षण में पोस्टल बैलेट, ईवीम के माध्यम से होने वाली मतगणना के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नमित मेहता ने मतगणना सम्बन्धित तैयारियों का फीडबैक लिया एवम मतगणना हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर जिले की सभी विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद रहे।

# चन्द्रभागा मेले के दौरान बीमार हुए बच्चों से जिला कलक्टर ने पूछी कुशलक्षेम अधिकारियों को प्रकरण की जांच करने के दिए निर्देश

रुद्रांश दर्पण-झालावाड़

चन्द्रभागा मेले (झालरापाटन) के दौरान बीमार हुए बच्चों के प्रकरण के संबंध में जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर गुरूवार को जनाना अस्पताल पहुंचे और बच्चों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

इस दौरान जिला कलक्टर ने एक-एक बच्चे के पास जाकर उनसे एवं उनके अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जानकारी ली एवं उनके द्वारा मेले में खाए गए खाद्य पदार्थों के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों के अभिभावकों से कहा कि उनके बच्चों का अस्पताल में अच्छे से इलाज किया जा रहा है एवं उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

## जिला कलक्टर ने ली बैठक

उक्त प्रकरण के संबंध में जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग, नगर परिषद झालावाड़, नगर पालिका झालरापाटन एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के



अधिकारियों की एसआरजी चिकित्सालय में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों का इलाज कर रहे सभी चिकित्सकों से कहा कि बीमार हुए सभी बच्चों के इलाज में कोई कोताही न बरतें। अगर किसी भी प्रकार की दवाई अथवा संसाधन की कमी हो तो उस संबंध में जिला प्रशासन को अवगत कराएं ताकि उनकी पूर्ति की जा सके।

जिला कलक्टर ने सभी चिकित्सकों से अस्पताल में भर्ती बच्चों के उपचार एवं वर्तमान में उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। जिस पर उन्हें सभी बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होने की बात से अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं एसआरजी चिकित्सालय के अधीक्षक को टीम बनाकर उक्त प्रकरण की सम्पूर्ण जांच करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को मेले में शुद्ध पेयजल सप्लाई करवाने तथा नगर परिषद् झालावाड़ आयुक्त एवं नगर पालिका झालरापाटन के ईओ को सम्पूर्ण मेला मैदान में व्यापक सफाई व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए।

**बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. शिव भगवान शर्मा, एसआरजी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. संजय पोरवाल, नगर परिषद् आयुक्त अशोक शर्मा सहित संबंधित चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के संबंध में ली बैठक

रुद्रांश दर्पण-धौलपुर

विधानसभा चुनाव 2023 के तहत 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गुरूवार को मिनी सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को मतगणना के कार्य को सतर्कता एवं सजगता के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी मतगणना दिवस से पूर्व मतगणना स्थल पर उनके विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्षों एवं स्ट्रॉन्ग रूम से संबंधित की जा रही सम्पूर्ण तैयारियों का निरीक्षण कर लें।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मतगणना दिवस पर मतगणना के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि इस बात का अवश्य ध्यान रखें



कि किसी भी परिस्थिति में मतगणना के दिन मतगणना स्थल के अन्दर कोई अनाधिकृत व्यक्ति नहीं आ सके। सभी अधिकृत कार्मिकों के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं केवल उन्हीं को मतगणना स्थल के अन्दर प्रवेश की अनुमति होगी।

इस दौरान पोस्टल बैलट की मतगणना के संबंध में बिन्दुवार चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश कुमार मालव, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकार नरेन्द्र सिंह पुरोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा, चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित मतगणना कार्य से जुड़े प्रकोष्ठ प्रभारी उपस्थित रहे।

# मतगणना पूर्व की तैयारियों पर बैठक आयोजित

रुद्रांश दर्पण-धौलपुर

विधानसभा आम चुनाव 2023 की मतगणना के पूर्व तैयारियों की समीक्षा पर जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक सभी प्रकार की तैयारियों एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया का भागीदार बनने पर सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं कार्मिकों को धन्यवाद प्रेषित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी सहसमय उम्मीदवारों के काउंटिंग ऐजेंट्स की नियुक्तियों की जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आरओ टेबल की व्यवस्था, मतपत्रा गणना की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से मतगणना हेतु सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति के बारे में जानकारी ली।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालकृष्ण तिवारी ने डाक मतपत्र गणना के प्रोटोकॉल के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मान्य एवं अमान्य मतों के बारे में विस्तार पूर्वक बिन्दुवार जानकारी ली तथा विभिन्न लिफाफों में डाक मतपत्रों का संधारण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम खोलते समय समुचित वीडियोग्राफी करायें एवं स्ट्रांग रूम खोलने के समय मतगणना शुरू होने से

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि कर सकते हैं निगरानी



पूर्व उम्मीदवारों को उपस्थित होने की जानकारी दें। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दल के प्रतिनिधि अपने गणना ऐजेन्ट्स के लिए भोजन पहुंचा सकेंगे लेकिन कोई भी खाद्य सामग्री मतगणना कक्ष के भीतर नहीं ले जाने दी जायेगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर ने बताया कि उम्मीदवारों को पहचान पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जायेगा एवं निजी अंगरक्षकों का प्रवेश भी वर्जित होगा। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को मतगणना स्थल पर कम्प्यूटर एवं अन्य आईटी उपकरणों की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सील साथ लेकर आयें। प्रशिक्षक अतुल चौहान ने ईवीएम से गणना हेतु कन्ट्रोल यूनिट खोलने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कंट्रोल यूनिट की सील खोलने, सभी प्रकार की जांच करने, परिणाम का डिस्प्ले इत्यादि पर विस्तृत एवं बिंदुवार जानकारी दी। इस अवसर पर सभी चारों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गत राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुख्यालय स्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया

रुद्रांश दर्पण-सीकर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निदेर्शानुसार 9 नवम्बर 2023 को इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), सीकर के आदेशानुसार सीकर मुख्यालय पर गत राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले न्यायिक अधिकारीगण जिनमें पारिवारिक न्यायालय न्यायाधीश, कैलाश चन्द्र अठवासियां, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, न्यायाधीश रेखा राठौड़, विशिष्ट न्यायाधीश एससी, एसटी, रामकिशन शर्मा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-1 जगदीश प्रसाद मीना, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान, न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1 सोनिया एवं विशिष्ट न्यायाधीश एन.आई. एक्ट उषा प्रजापत को प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अभिभाषक संघ सीकर के मुख्यालय स्थित अधिवक्तागण के उत्कृष्ट कार्य एवं लोक अदालत में आपेक्षिक सहयोग के लिए अधिवक्ता विजय कुमार शर्मा, अरविन्द थालोड, महेन्द्र बाजिया, गजेन्द्र सिंह राठौड़, पोखरमल भीचर, महेश मिश्रा, जाकिर हुसैन, पुरूषोत्तम बिल्खीवाल, ओमप्रकाश चौधरी,



नसीर अहमद खान, अंगद तिवाड़ी, सुरेश कुमावत, सुभाष कुल्हरी, गोविन्द सिंह जाट, विनोद कुमार सरोज, सिकेन्द्र सिंह शेखावत, संतपाल खींचड़, विजय सिंह तंवर, धर्मेन्द सिंह कुडी, ओमप्रकाश सैनी, बृजेन्द्र सिंह रूलानियां, सुरेश कुमार सैनी, सादिक अली गौरी, मामचंद मूण्ड, नरेन्द्र फगेडिया, नवरत्न सोनी, सुरेश कुमार सैनी-2, मुकेश कस्वा, महेश जाखड़, भरत बाजिया, दिनेश सैनी, सागर मल ढाका, पुरूषोत्तम शर्मा एवं राहुल पारीक को प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर धर्मराज मीणा ने बताया की इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 सितम्बर, 2023 को किया गया। जिसमें अभिभाषक संघ, सीकर के अधिवक्तागण का कार्य प्रशंनीय रहा जिसके संबंध में उन्हें प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारान के अधिकाधिक प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करवाने एवं लोक अदालत के सफल आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लिया मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा




रुद्रांश दर्पण-झालावाड़

विधानसभा चुनाव 2023 के तहत आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) आलोक रंजन एवं पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने गुरूवार को मतगणना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल के निरीक्षण के दौरान मतगणना के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर मतगणना कार्य में लगे कार्मिकों की व्यापक तरीके से चैकिंग करने एवं उनके मोबाइल को जमा कराने हेतु प्रवेश द्वार पर अलग से काउन्टर बनवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

इस दौरान उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष तक के लिए जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग एवं पर्दे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते हुए मतगणना कार्मिकों के लिए की गई बैठक व्यवस्था को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्ष में सही स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा खिड़कियों के बाहर पुलिस के जवानों की तैनाती के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश कुमार मालव, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र सिंह पुरोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा, चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित संबंधित सभी प्रकोष्ठ प्रभारी उपस्थित रहे।

# मतगणना तैयारियों के लिए समीक्षा बैठक, हर कार्य निष्पक्षता और पारदर्शिता से हो - पुरोहित




रुद्रांश दर्पण-बाड़मेर

विधानसभा चुनाव-2023 के अंतर्गत 03 दिसंबर को होने वाली मतगणना संबंधी पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार पुरोहित की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने तैयारियो की विस्तृत समीक्षा की।

इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी पुरोहित ने 03 दिसंबर को होने वाली मतगणना की पूर्व तैयारियों से संबंधित तमाम बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की और इनसे संबधित प्रबन्धों की समीक्षा की। उन्होंने मतगणना को पारदर्शी तरीके से पूर्ण करवाने, निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की अक्षरशः पालना करने, मतगणना स्थल पर व्यापक सुरक्षा एवं सभी व्यवस्थाओं को सुचारू एवं बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने आदि के लिए हर स्तर पर गंभीरता से दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना केंद्र में विधानसभावार मतगणना कक्षों की स्थापना, काउन्टिंग स्टॉफ, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था तथा मतगणना स्थल पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध सुनिश्चित रहेंगे। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार मतगणना केन्द्र पर केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना प्रतिनिधि एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी पास धारक मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक दीगत आनंद, मुख्य कार्यकारी अधिकरी शिवपाल जाट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंजुम ताहिर सम्मा सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी और विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न

रुद्रांश दर्पण-बांसवाड़ा

विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक गुरूवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) श्री प्रकाशचन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाशचन्द्र शर्मा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 3 दिसम्बर को श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय बांसवाड़ा में जिले की पांचों विधानसभा सीटो के लिए होने वाली मतगणना के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी के सम्बन्ध में चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी देते हुए मतगणना प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने दलों के प्रतिनिधियों एवं मतगणना ऐजेण्टों की उपस्थिति मतगणना स्थल पर सुनिश्चित करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि मतगणना में आने वाले राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मतगणना ऐजेन्टों के लिए



पार्टी का पहचान पत्र एवं मतगणना के लिए बनाए जाने वाले मतगणना पहचान पत्र को उपलब्ध होना सुनिश्चित करे इसके अभाव में मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं हो सकेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी तरह का मोबाईल ले जाना वर्जित रहेगा अतः अपने पार्टी से सम्बद्ध ऐजेण्टों को इस संदर्भ में आवश्यक रूप से अवगत करा दिया जावे। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए निर्धारित तिथि को प्रातः 6 बजे प्रवेश प्रारम्भ हो जाएगा अतः निर्धारित समय पर मतगणना के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त ऐजेण्टों की उपस्थिति सुनिश्चित करे। उन्होंने इस मौके पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार मतगणना के लिए टेबल वार की गई व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डा0 दिनेश राय सापेला ने चुनाव आयोग के द्वारा मतगणना के संबंध में जारी दिशा निर्देशों की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध सुनिश्चित रहेंगे। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार मतगणना केन्द्र पर केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना प्रतिनिधि एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी पास धारक मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। इस मौके पर चुनाव कार्यालय के भगवतीलाल जैन सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# उद्यमी महासम्मेलन में सीएम योगी हुए शामिल: सीएम बोलें – हक्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज ना करें स्टार्टअप्स, शासकीय खरीद में मिलेगी प्राथमिकता

रुद्रांश दर्पण-लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित उद्यमी महासम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्यमियों से संवाद भी स्थापित किया। वही इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई) अमित मोहन प्रसाद, आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, महासचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, उद्यमी महासम्मेलन के समन्वयक राजीव बंसल सहित प्रदेश भर से बड़ी संख्या में आए एमएसएमई उद्यमी मौजूद रहे। वही सीएम योगी ने कहा की प्रदेश के एमएसएमई उद्यमी अपने उत्पादों की क्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज हर्गिज ना करें, प्रदेश सरकार शासकीय खरीद में उन्हें हर हाल में प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। हमने टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करके इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हुए रिफॉम के परिणाम सबके सामने हैं। पूरी दुनिया विश्वास के भाव से उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। हमें अभी से 2024 के इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।




## पहले हतोत्साहित था यूपी का उद्यमी

गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरयम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवॉड्र्स इंडस्ट्री 4.0 एंड स्किल 48 से संबंधित प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया, जिसमें प्रदेशभर से एमएसएमई स्टार्टअप्स उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने आयोजकों और उद्यमियों का प्रदेश की राजधानी में स्वागत करते हुए कहा कि पहले यूपी में उद्यम के लिए माहौल और सरकार के स्तर पर प्रोत्साहन व संरक्षण ना होने पर उद्यमी हतोत्साहित था। 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद अपने परंपरागत उत्पादों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट करने के कार्यक्रम का परिणाम हम सबके सामने है। ये देश ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक अभिनव योजना है।

## प्रोडक्ट की क्वालिटी और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देना होगा

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से आह्वान किया कि कंपटीशन के दौर में प्रोडक्ट की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही उसकी पैकेजिंग पर और ज्यादा कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करते हुए इंस्पेक्टर राज से मुक्ति के कार्यक्रम चलाए गये हैं। सीएम योगी ने निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल और ऑनलाइन इन्सेंटिव प्लेटफॉर्म की चर्चा करते हुए कहा कि इससे उद्यमियों को प्रदेश के अंदर निवेश की संभावनाओं को विकसित करन के साथ साथ उनकी सुविधाओं के सरलीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की रैंकिंग आज से 6 साल पहले 14वें स्थान पर थी। इसमें व्यापक रिफॉर्म किये गये। जिसका परिणाम सबके सामने है।

## नये यूपी के पोटेंशियल को देखकर दुनिया आश्चर्यचकित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अंदर लैंड बैंक बनाने का कार्य हो या बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करना हो, हर दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सितंबर में ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन भी शानदार रहा। इसमें 70 हजार बायर्स आए थे और टोटल फुटप्रिंट चार लाख थी। 400 से ज्यादा विदेशी बायर्स भी वहां पहुंचे। सभी को नये भारत के नये यूपी के पोटेंशियल को देखकर आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया विश्वसनीयता के भाव से भारत और यूपी की ओर देख रही है। जहां नोएडा और ग्रेटर नोएडा को विकसित करने में 46 साल लगे, वहीं वर्तमान में हम झांसी, बुंदेलखंड में एक नए औद्योगिक संस्थान की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं। झांसी में हमारे पास पहले ही चरण में 38 हजार एकड़ लैंडबैंक मौजूद है। 46 साल में पहली बार हमारी सरकार में ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार है, वहीं झांसी में हम पहले ही चरण में एयरपोर्ट देने जा रहे हैं।



## सौर ऊर्जा को प्राथमिकता दें उद्यमी

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि वह स्थानीय स्तर पर मौजूद शिक्षण संस्थाओं से मैन पॉवर प्राप्त करें। इसके लिए पीएम और सीएम इंटर्नशिप स्कीम की मदद लें। सीएम योगी ने प्रदेश के हर हिस्से में ट्रेड शो के आयोजन पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से सोलर पॉवर के उपयोग को लेकर भी आह्वान किया, जिससे बिना प्रदूषण के बिजली प्राप्त होगी।

# HBTU में अब बीफार्मा, बायोटेक का कोर्स भी होगा:कानपुर में नए सत्र से शुरू होंगे कोर्स; JEE मेन, CUET से मिलेगा प्रवेश

रुद्रांश दर्पण-कानपुर

हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी कानपुर में अब बीटेक के अलावा भी दो नए कोर्स की शुरूआत होने जा रही है। यहां से विद्यार्थी अब बीफार्म और बायोटेक की भी पढ़ाई कर सकेंगे। नए सत्र से बीटेक इन बायोटेक और बीफार्मा का कोर्स शुरू हो जाएगा।




## एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिया गया फैसला

यह फैसला गुरुवार को विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिया गया। बीटेक बायोटेक में जेईई मेन और सीयूईटी और बीफार्मा में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। बीफार्मा की कक्षाएं संचालित होने के लिए पीसीआई से अनुमति के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। जल्द ही शिक्षकों की भर्ती भी की जाएगी।

## 60-60 सीटों पर होगा प्रवेश

एचबीटीयू में कुलपति प्रो. समशेर की अध्यक्षता में एकेडमिक काउंसिल की बैठक की गई थी। बीटेक इन बायोटेक्नोलॉजी और बीफार्मा 2024-25 के सत्र से शुरू होंगे। 60-60 सीटों पर प्रवेश? दिया जाएगा। डीन एकेडमिक्स ललित कुमार ने बताया कि इसके अलावा एनर्जी एंड इंवायरमेंट से इंटरडिस्प्लेनरी बीटेक का कोर्स भी संचालित किया जाएगा। केमिकल विभाग में संचालित होने वाले इस कोर्स को केमिकल, बायो केमिकल, सिविल, मैकेनिकल और ऑयल इंजीनिय?रिंग विभाग ?मिलकर संचालित करेगा। यह कोर्स भी 204-25 सत्र से शुरू होगा, हालांकि अभी इस कोर्स में सीटों की संख्या तय नहीं हो पाई है।

## स्टूडेंट एडवाइजरी रिसर्च कमेटी का होगा गठन

नई ?शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय में पीएचडी ?आर्डिनेंस लागू किया गया है। इसके तहत विश्वविद्यालय प्रबंध कई बड़े बदलाव भी करने जा रहा है। अब छात्रों की सहूलियत के लिए स्टूडेंट एडवाइजरी रिसर्च कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी छात्रों के दा?खिले से लेकर उनके पीचडी कार्यकाल में पूरी मदद करेगी। फाइनल थीसिस जमा करने से पहले छात्रों को रिसर्च डेवलेमेंट कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। प्रो. ललित ने बताया कि अब प?ब्लिकेशन को थोड़ा कठिन कर दिया गया है। इसमें दो पेपर एससीआई और स्कोपस में प्रस्तुत करने पर ही पब्लिकेशन की अनुमति मिलेगी।

# UP में लगा रोजगार मेला: राजधानी लखनऊ, कानपुर और गाजियाबाद में 51 हजार युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र



रुद्रांश दर्पण-लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी किया।वही उतर प्रदेश में लखनऊ,कानपुर और गाजियाबाद में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। कानपुर में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे, लखनऊ में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा और गाजियाबाद में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी. के. सिंह ने नियुक्ति पत्र किये।

## लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 11 वें रोजगार मेला

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 11 वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुये केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि जिस तरह से हमारे देश ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दिया है,भारत पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र बन गया है।उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हर नागरिक से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की अपेक्षा की है।

पीएम मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने जिन स्तंभों की चर्चा की है,युवा उन प्रमुख स्तंभों में सर्वप्रमुख है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को सरकारी नौकरियां दिलाने के साथ साथ सरकार ने देश की आंतरिक सुरक्षा और व्यवहारिक विदेश नीतियों के माध्यम से इस तरह का वातावरण बनाया है कि कई विदेशी निवेशक बड़ी संख्या में भारत में निवेश कर रहे है जिससे बड़ी संख्या में युवाओं के लिए प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे है।वही पीएम मोदी ने कहा की मुद्रा लोन योजना के माध्यम से लगभग 40 करोड़ युवाओं को जिसमें से 60% से अधिक महिलाएं है जिनको स्वरोजगार से जोड़ा है। साथ ही जो लोग कम पढ़े लिखे है लेकिन उनके अंदर पारंपरिक हुनर है. उन्हें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ा जा रहा है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का बयान

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा की पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को रोजगार के काम उपलब्ध कराकर स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज महिला किसान ड्रोन केंद्र का उद्घाटन किया है जिससे महिला किसानों को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से खेती किसानी के लिए लगभग 15000 करोड़ का लोन तीन वर्षों में दिया जाएगा जिससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा।यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया था। इस पहल का समर्थन करने वाले केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र- शासित प्रदेशों में भर्तियां की जा रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी सरकार के राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवाएं विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में योगदान करेंगे।यह रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इस रोजगार मेले से आगे और रोजगार सृजित करने की दिशा में एक उत्प्रेरक के तौर पर कार्य करने और युवाओं को अपना सशक्तिकरण करने एवं राष्ट्रीय विकास में भागीदारी हेतु सार्थक अवसर प्रदान किए जाने की उम्मीद है।नवनियुक्त कर्मी अपने रचनात्मक विचारों और भूमिका-संबंधी दक्षताओं के माध्यम से अन्य बातों के साथ-साथ देश के औद्योगिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास को मजबूत करने के कार्य में योगदान देंगे, जिससे प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी।

नवनियुक्त कर्मियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा। आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर ह्यकहीं भी किसी भी उपकरण परह्व सीखने के प्रारूप में 800 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

# ज्ञानवापी श्रृंगार-गौरी की नियमित पूजा पर रउ में सुनवाई आज:हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने दायर की याचिका, विरोध का पक्ष भी रखेंगे

रुद्रांश दर्पण-वाराणसी

वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा मांग समेत अन्य याचिकाओं पर सुनवाई होगी। वहीं हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मसाजिद इंतजामियां कमेटी की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। कोर्ट सबसे पहले मसाजिद कमेटी के पक्ष को सुनेगा, उनका लिखित बयान भी तलब करेगा। हाईकोर्ट के जजमेंट में आपत्ति बिंदुओं पर विस्तार से मुस्लिम पक्ष की दलील भी जानेगा।

ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट में कुल तीन याचिका दाखिल हुई है। एक याचिका श्रृंगार गौरी मामले में मेंटेनेबिलिटी का मामला है। दूसरा कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति के मामले को मुस्लिम पक्ष ने चुनौती दी है। जबकि तीसरा मामला वजू टैंक की ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे की मांग है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को एक-एक करके सुना जाएगा। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अगली सुनवाई में पहले मस्जिद पक्ष की यह दलील सुनी जाएगी कि निचली अदालत मों लंबित केस विचार लायक है या नहीं। कोर्ट ने सभी पक्षों को अपनी दलीलों का संक्षिप्त नोट जमा करने को कहा है। सोमवार को ज्ञानवापी विवाद मामले में समय की कमी की वजह से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई थी जिसे आज आगे बढ़ाया जाएगा।



हाईकोर्ट से लगा था मुस्लिम पक्ष को झटका- दरअसल, पिछले साल 12 सिंतबर को वाराणसी की जिला अदालत ने अपने फैसले में माना था कि ज्ञानवापी का मामला सुनवाई योग्य है। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने जिला अदालत के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि हाईकोर्ट ने भी हिंदू पक्ष के हक में अपना फैसला सुनाते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट से झटका लगने के बाद अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। अब उच्चतम न्यायालय में इस मामले की सुनवाई सीजेआई जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच कर रही है। जिसके लिए एक दिसंबर यानि आज की तारीख तय की गई थी।

कमिश्नर नियुक्त करने के फैसले को चुनौती

वहीं अदालत में दूसरा मामला कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति के मामले से जुड़ा हुआ है। मुस्लिम पक्ष ने परिसर के अरक सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने के फैसले को चुनौती दी हुई है। जिसमें मुस्लिम पक्ष की मांग है कि कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने, अरक सर्वे करने और कार्बन डेटिंग के खिलाफ अदालत सुनवाई करे। जबकि हिंदू पक्ष ने कहा था कि सर्वे हो जाने से ये मांग निष्प्रभावी है। जबकि इस विवाद में तीसरा मामला वजू टैंक की ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे की मांग वाली याचिका से जुड़ा हुआ है। गौरतलब है कि बीते सितंबर महीने में सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने सीजेआई डी वाई चंद्रचुड़ के सामने ज्ञानवापी मामले में लंबित पड़ी हुई सभी याचिकाओं पर सुनवाई की अपील की थी। उनकी इस अपील कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था,

# सावधानी एवं पारदर्शिता के सभी मानकों के पालन के साथ ही मतगणना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

## रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों को मतगणना प्रक्रिया का दिया गया प्रशिक्षण




**दंतेवाड़ा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार की उपस्थिति में बुधवार को जिला कार्यालय के मुख्य सभाकक्ष में मतगणना प्रक्रिया के संबंध में का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री नंदनवार ने कहा कि 3 दिसंबर को मतगणना मुख्यालय के आंवराभाटा स्थित डाइट परिसर मतगणना केंद्र में की जाएगी। मतगणना केन्द्र में मतगणना अधिकारियों-कमर्चारियों को निर्धारित समय पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मतगणना प्रक्रिया का कार्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण चरण है और सावधानी एवं पारदशिर्ता के सभी मानको के पालन के साथ ही मतगणना करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं मतगणना दल मतगणना संबंधी प्रत्येक प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने के साथ ही अपनी जिज्ञासाओं, शंकाओं का समाधान अवश्य कर लेवें ताकि मतगणना कार्य को नियमानुसार बेहतर ढंग से संपन्न कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी।

इसके साथ ही प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईटीपीबीएस, डाक मत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी देते हुए मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा मास्टरट्रेनर्स ने निवार्चन संचालन के नियम व्ही व्ही पैट पर्चियों के अनिवार्य सत्यापन, मतगणना केन्द्रों की आधारभूत संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, गणना स्थल में प्रवेश व्यवस्था, ईटीपीबीएस, डाक मत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा, मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। और इसमें सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए मॉक काउंटिंग करके भी देखा। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रेक्षक श्री अनुराग पटेल, अपर कलेक्टर श्री संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेन्द्र ठाकुर, रिटर्निंग ऑफिसर श्री शिवनाथ बघेल एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।



बस्तर। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे 19 अधिकारी कमर्चारी को पेंशन, उपदान प्राधिकार पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि परिवार पेंशन के सभी प्रकरणों का विभाग के अधिकारियों को संवेदनशील होकर प्राथमिकता से सभी सवत्वों का निराकरण समय पर करने की आवश्यकता है।



बस्तर। नोडल अधिकारी द्वारा धान खरीदी कार्य का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।धान उपार्जन केंद्रों में सुचारू व्यवस्था हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा नोडल अधिकारी बनाया गया है।



बस्तर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों की बैठक लेकर मतगणना स्थल की कानून,सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की । उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में मोबाईल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रानिक आइटम पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

# मतगणना के दौरान तथा परिणाम की घोषणा के पश्चात शांति एवं सुरक्षा हेतु लगाई गई है मजिस्ट्रीयल ड्यूटी

**नारायणपुर ।** विधानसभा चुनाव 2023 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 84 नारायणपुर के मतदान पश्चात 3 दिसंबर 2023 को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में मतगणना किया जाएगा। मतगणना के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखा जाना आवश्यक है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत द्वारा शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सम्पूर्ण प्रांगण, कार्य स्थल में मतगणना के दौरान तथा परिणाम की घोषणा के पश्चात शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नायब तहसीलदार कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्री हरि प्रसाद भोय, मोबाईल नंबर 93402-63360 की मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगाई गई है। कार्यपालिक दण्डाधिकारी वतर्मान में लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# धान के अवैध परिवहन रोकने जिले के 12 चेकपोस्टों में वाहनों की जा रही हैं जांच

## कलेक्टर के निर्देश पर माल वाहनों की जांच, निगरानी और नियंत्रण के लिए एसडीएम ने लगाई चेकपोस्ट पर कमर्चारियों की ड्यूटी

**कबीरधाम ।** कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 के लिए कबीरधाम जिले में सुचारू रूप धान खरीदी एवं जिले के सभी 12 अंतर्राज्जीय सीमाओं में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी धान के अवैध परिवहन रोकने के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा जिले के इन सभी चेक पोस्ट पर 24 घंटे माल वाहक वाहनों के जांच एवं निगरानी के लिए कमर्चारियों की ड्यूटी लगाई गई है।




कबीरधाम जिले के अंतर्गत चेकपोस्ट बैरियल खारा, पंडरिया, भेलवाटोला, बरेण्डा, सिवनीखुर्द-1 खुंटाटोला, सिवनीखुर्द-2 कोसाटोला, तरमा, बरबसपुर, झलमला, चिल्फी, चमारी-बितली बॉडर और तरेगांव जंगल सहित पोलमी, कुकदूर, अंतरजिला मुगेंली मार्गो पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। निगरानी के लिए दल प्रभारी पटवारी को बनाया गया है। इसके निगरानी के लिए ग्राम सचिव, रोजगार सहायक और कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई है।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में 90 सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत 108 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी संचालित की जा रही है। इन 108 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 537853.00 मी. टन अनुमानित लक्ष्य है। 29 नवंबर 2023 तक 74080.92 मी. टन धान खरीदी की जा चुकी है एवं किसानों के खाते में 162 करोड़ 52 लाख 40 हजार 155.60 रूपए हस्तांतरित किया जा चुका है। इसके साथ ही 23440.00 क्विंटल धान मिलर को जारी किया गया है। कबीरधाम जिला राज्य के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र होने से दीगर राज्य एवं अन्य जिलों से अवैध रूप से धान का परिवहन कर उपार्जन केन्द्रों में धान खपाए जाने की आशंका को विशेष ध्यान रखते हुए जिले के 12 सीमावती क्षेत्रों पर चेकपोस्ट के माध्यम से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

# 2 साल हुए नहीं की सड़क हुआ जर्जर, सड़क बनने के बाद ठेकेदार ने दी थी 5 साल की गारंटी

**बलरामपुर।** आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम पंचायत लोधी के नागपानी से लेकर हरिगवां तक 6.30 किलोमीटर का सड़क ठेकेदार विभाग के द्वारा बनाया गया जिसकी लागत 2 करोड़ 37 लाख 88 हजार रुपए खर्च हुआ है.... लेकिन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए गए सड़क महज 2 साल ही नहीं हुए की सड़क पूरी तरीके से उखड़ने लगा है नागपानी के सभी ग्रामवासी परेशान है....

ग्रामीणों ने क्या कुछ कहाः नागपानी के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क 2 साल बने हुआ नहीं है कि सड़क पूरी तरीके से उखड़ने लगा है ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ठेकेदार ,, विभाग की लापरवाही से घटिया सामग्री यूज करके बनाया गया वही सभी ग्रामीणों में आक्रोश है। जनपद पंचायत सदस्य ने क्या कुछ कहाः जब इस सड़क के बारे में जनपद पंचायत सदस्य देवनारायण मराबी जी से बात की गई थी उन्होंने बताया कि हां यह सड़क ठेकेदार वह विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से घटिया सामग्री डालकर बनाया गया है इसलिए सड़क बहुत जल्दी खराब हो चुका है और हम इसके बारे में कलेक्टर व राज्य शासन से शिकायत कर इसकी जांच कराएंगे। संबंधितविभाग की उदासीन रवैयाः जब इसके बारे में अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो अधिकारी ना ही फोन उठा रहे हैं ना कार्यालय में रहते हैं

महेंद्र ग्रामीण नागपानी, ग्रामीण लोधी, लोधी सरपंच, देवनारायण मराबी जनपद पंचायत सदस्य।


